आकाशवाणी शिमला

08.04.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–मुद्रा योजना ने अनेक लोगों के सपनों को किया साकार–योजना के लाभार्थियों से की बातचीत।
- स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा–दृष्टिहीन संघ की मांगों को लेकर सरकार गम्भीर–चरणबद्ध तरीके से दृष्टिबाधितों को दी जा रही नौकरियां।
- पोषण पखवाड़ा का सातवं संस्करण आज से शुरू–प्रदेश के कई स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–महंगाई का बोझ लादने के नाम पर राज्य सरकार के तर्क हास्यास्पद।

मुद्रा योजना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार ऐसी गतिशील व्यवस्था बनाने पर ध्यान देना जारी रखेगी, जहां प्रत्येक आकांक्षी उद्यमी को ऋण सुविधा उपलब्ध हो और वह विश्वास के साथ आगे बढ़ सके। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की दसवीं वर्षगांठ के अवसर पर सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रधानमंत्री ने कहा कि इस योजना ने अनेक लोगों के सपनों को साकार किया है। उन्होंने इस योजना को उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए मौन क्रांति बताया। इससे पहले प्रधानमंत्री ने आज इस योजना के लाभार्थियों के साथ अपने निवास पर बातचीत भी की। उन्होंने कहा कि मुद्रा योजना ने असंख्य लोगों को अपने उद्यमिता कौशल दिखाने के अवसर उपलब्ध कराए हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि मुद्रा योजना के आधे लाभार्थी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति और ओबीसी समुदायों से आते हैं और इसमें 70 प्रतिशत से अधिक लाभार्थी महिलाएं हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य युवाओं को सशक्त बनाना और उन्हें रोजगार मांगने वालों के बजाय रोजगार देने वाले बनने की क्षमता प्रदान करना है।

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना सूक्ष्म और छोटे उद्यमों को 20 लाख रुपये तक का ऋण बिना गारंटी प्रदान करती है। पिछले दस वर्षों में इस योजना के तहत 52 करोड़ से अधिक ऋण स्वीकृत किए गए हैं, जिनकी राशि लगभग 33 लाख करोड़ रुपये है।

अनुराग

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने केन्द्र सरकार की महत्वकांक्षी प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के 10 साल पूरा होने के उपलक्ष पर कहा कि इससे देश में स्वरोजगार को बढ़ावा मिला है। एक बयान में उन्होंने कहा कि मुद्रा योजना से युवा जॉब सीकर से जॉब क्रियेटर बन रहे हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार की इस योजना ने महिलाओं को स्वावलम्बी बनाया है और हाल ही में प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना के तहत ऋण सीमा को 10 लाख रूपए से बढ़ाकर 20 लाख रूपए किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच के परिणामस्वरूप मुद्रा योजना के सफल 10 वर्ष पूरे हुए हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि इस योजना के तहत 52 करोड़ से अधिक लोन के माध्यम से 33 लाख करोड़ रूपए से करोड़ों भारतीयों के जीवन में बदलाव आया है।

धनीराम शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि प्रदेश सरकार दृष्टिहीन संघ की मांगों को लेकर गंभीर है और कई बार इसको लेकर बैठकें भी हुई हैं। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि दृष्टिहीन संघ की मांगे जायज हैं लेकिन एक दिन में सभी मांगे पूरा करना सम्भव नहीं है। शांडिल ने कहा कि चरणबद्ध तरीके से दृष्टिबाधितों को नौकरियां दी जा रही हैं और अन्य मांगों को लेकर भी सरकार मंथन कर रही है।

इस बीच दृष्टिहीन संघ पिछले डेढ़ वर्ष से अधिक समय से शिमला में धरने पर बैठा है और बैकलॉग भर्तियों के साथ उनकी सामाजिक सुरक्षा पेंशन में बढौतरी की मांग कर रहा है।

पोषण पखवाड़ा

महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा आज से पोषण पखवाड़ा का 7वां संस्करण मनाया जा रहा है, जो देशभर में कुपोषण से निपटने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराता है। इस वर्ष के पोषण पखवाड़ा का फोकस चार मुख्य विषयों पर है – जीवन के पहले एक हजार दिनों के दौरान देखभाल, पोषण ट्रैकर के लाभार्थी मॉड्यूल का प्रचार–प्रसार, कुपोषण का प्रभावी प्रबंधन, और बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है। इस अभियान के दौरान प्रदेश में भी 22 अप्रैल तक पोषण जागरूकता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि इस वर्ष पोषण अभियान को जन आंदोलन का रूप देकर शिमला जिला के हर घर–हर गांव तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पोषण अभियान का उद्देश्य एक स्वस्थ, सशक्त व साक्षर भारत का निर्माण करना है। अनुपम कश्यप ने आम लोगों से इस अभियान में जुड़ने व इसे एक जन आंदोलन बनाने की अपील की है।

इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी ममता पॉल ने बताया कि पोषण पखवाड़े के दौरान 22 अप्रैल तक जिले के सभी 2 हजार एक सौ 54 आंगनवाड़ी केन्द्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से इस अभियान को जन आंदोलन बनाया जाएगा ताकि लोग पौष्टिक आहार के प्रति प्रेरित हो सकें।

इसी तरह प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता रैलियां निकाली गई। कुल्लू में उपायुक्त तोरूल एस. रवीश ने पोषण जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि पोषण पखवाड़े के दौरान गांव–गांव तक संतुलित आहार और अनीमिया के बारे में लोगों को जागरूक किया जाएगा।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार का लगभग अढ़ाई वर्ष का कार्यकाल पूरी तरह विफल साबित हुआ है और सरकार झूठ बोलकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि जनता पर महंगाई का बोझ लादने के नाम पर सरकार जिस तरह के तर्क दे रही है वो बेहद ही हास्यास्पद है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल है और अस्पतालों में ईलाज के लिए पर्ची के नाम पर 10 रूपए की फीस को सरकार जायज ठहरा रही है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर विमल नेगी की संदिग्ध मृत्यु मामले की सीबीआई जांच को अनसुना करने का आरोप भी लगाया। इस बीच जयराम ठाकुर ने आज दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी के

राष्ट्रीय कार्यालय में आयोजित भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहेब अम्बेडकर सम्मान समारोह में भी शामिल हुए।

<u>बिन्दल</u>

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिन्दल ने आज ऊना और हरोली विधानसभा क्षेत्रों में सक्रिय पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण शिविरों की अध्यक्षता की। इससे पहले पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सक्रिय पार्टी कार्यकर्ताओं की विधानसभा क्षेत्रवार बैठकें आयोजित की जा रही हैं, ताकि उन्हें पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों से परिचित कराया जा सके। राजीव बिन्दल ने कहा कि कुछ महीने पहले, राज्य में चलाए गए नए सदस्यता अभियान के दौरान 18 लाख साधारण सदस्य और 27 हजार सक्रिय कार्यकर्ता बनाए गए थे।

<u>मौसम</u>

प्रदेश में कल 9 अप्रैल से मौसम करवट बदलेगा जिससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिलने की सम्भावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि प्रदेश में कल से पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से अधिक उंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी जबकि निचले इलाकों में कहीं–कहीं वर्षा की सम्भावना है। उन्होंने बताया कि आज प्रदेश के कई स्थानों पर तापमान सामान्य से 5 से 8 डिग्री सैल्सियस तक अधिक रिकार्ड किया गया।